## संपादकीय

# शॉर्टकट से समाधान नहीं

नीतीश कुमार ने पाला बदल कर अपने राजनीतिक जीवन को कुछ विस्तार दे दिया है, लेकिन उससे भाजपा विरोधी ताकतों को कोई बल मिलेगा, इसकी गुंजाइश कम है। विपक्ष अब सिर्फ जनता के बीच जाकर और जन संघर्ष के जरिए संजीवनी पा सकता है।

एक अंग्रेजी अखबार ने इसे 1-1 कहा है। यानी यह कि महाराष्ट्र में भाजपा ने विपक्ष को सत्ता से बाहर किया, तो अब विपक्ष ने बिहार से भाजपा को बाहर कर दिया है। दरअसल, भाजपा विरोधी खेमे में बिहार के घटनाक्रम से उत्साह इतना फैला है कि अब 2024 के आम चुनाव में नरेंद्र मोदी की सत्ता के लिए बड़ी चुनौती खड़ी होने का अंदाजा लगाया जाने लगा है। इस उत्साह की कुछ-कुछ तुलना इसी वर्ष के आरंभ में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य और कुछ अन्य नेताओं के भाजपा छोड़ कर समाजवादी पार्टी में आ मिलने से बने माहौल से की जा रही है। लेकिन यह बात पूरे विश्वास के साथ कही जा सकती है कि जैसे उप्र का उत्साह क्षणिक साबित हुआ था, वैसा ही बिहार के घटनाक्रम का परिणाम भी होगा। इसकी वजह यह है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा-आरएसएस ने राजनीति और समाज की धारा में जो बड़ा परिवर्तन ला दिया है, उससे ऐसे जोड़तोड़ से कोई फर्क नहीं पड़ता है।

बल्कि इसका एक दूसरा परिणाम बिहार में भी भाजपा के अपने दम पर सबसे बड़ी पार्टी बन जाने के रूप में सामने आ सकता है। वैसे भी अगर भाजपा नीतीश कुमार के साथ 'शिंदे ऑपरेशन' करने की तैयारी में थी, तो उसका मतलब यह है कि उसकी राय में नीतीश कुमार एक खर्च हो चुकी ताकत हैं। ऐसे में नीतीश कुमार ने पाला बदल कर अपने राजनीतिक जीवन को कुछ विस्तार दे दिया है, लेकिन उससे भाजपा विरोधी ताकतों को कोई बल मिलेगा, यह अनुमान लगाने का कोई ठोस आधार नहीं है। भाजपा विरोधी ताकतें अब सिर्फ जनता के बीच जाकर और जन संघर्ष के जरिए संजीवनी पा सकती हैं। इस लिहाज से कांग्रेस का अपनी पदयात्रा के कार्यक्रम को दो अक्टूबर से आगे खिसकाना एक सही कदम है। 12 राज्यों से गुजरने वाली 3,500 किलोमीटर की ये पदयात्रा अब सात सितंबर से शुरू होगी। अगर कांग्रेस ने इस कार्यक्रम को गंभीरता से किया, तो उससे माहौल बनने की मजबूत संभावना पैदा होगी। लेकिन इस बीच जोड़तोड़ में शामिल होकर उसने भी अपनी साख को चोट ही पहुंचाया है।

# पदक के साथ घर लौटना खास अनुभव : संगीता कुमारी



**नई दिल्ली।** बर्मिंघम 2022 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी संगीता कुमारी ने अपने पहले राष्ट्रमंडल अनुभव के बारे में कहा कि एक पदक के साथ घर लौटना बेहद खास अनुभव था। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 के कांस्य पदक मैच में पिछली बार की स्वर्ण पदक विजेता न्यूज़ीलैंड को हराकर राष्ट्रमंडल पदक के 16 साल के सूखे को समाप्त किया था।

20 वर्षीय संगीता ने इसके बारे में कहा, एक पदक के साथ घर लौटना बेहद ही खास एहसास है। घर में त्योहार जैसा माहौल है। हमारे गांव में सभी लोग बेहद खुश और उत्साहित हैं। वह कहते हैं कि यह झारखंड के लिये गौरव का क्षण है। मेरा खयाल है कि पोडियम पर खड़े होने के अनुभव को भूलने में कुछ समय लगेगा।

उन्होंने पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने के बारे में कहा, मैं पहले-पहल काफी दबाव में थी, लेकिन टीम के वरिष्ठ खिलाडियों ने कहा कि इस तरह महसूस करना आम बात है, खासकर एक बड़े खेल आयोजन में। मैं उनके समर्थन की आभारी हूं।

भारतीय टीम ने बर्मिंघम 2022 खेलों में अपने अभियान की शुरुआत पूल-ए में घाना के खिलाफ 5-0 की जीत के साथ की थी। इसके बाद उन्होंने वेल्स (3-1) पर जीत दर्ज की, लेकिन इंग्लैंड (1-3) से हार गये। इसके बाद टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये इंग्लैंड को करीबी मुकाबले में 3-2 से मात दी थी।

सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन देने के बावजूद टीम शूटआउट में 0-3 से हार गयी थी। सविता पूनिया की टीम ने इस निराशाजनक नतीजे से उभरते हुए कांस्य पदक मैच में न्यूज़ीलैंड को शूटआउट (2-1) में मात दी।

संगीता ने सेमीफाइनल की हार के बारे में कहा, हमने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन दुर्भाग्यवश नतीजा हमारे पक्ष में नहीं रहा। आसान शब्दों में कहूं तो वह हमारा दिन नहीं था। बहरहाल, हमें ऑस्ट्रेलिया के प्रदर्शन को नहीं भूलना चाहिये जो शानदार था। हम इन नतीजों से निराश हैं लेकिन अपनी गलतियों से सीखकर भविष्य में बेहतर करना चाहते हैं।

झारखंड की युवा खिलाड़ी ने अपने भविष्य के बारे में कहा, मैं इस युवा उम्र में यह अवसर पाकर बेहद खुश हूं। मैं जानती हूं कि मुझे अपने खेल पर काम करने की ज़रूरत है। मुख्य कोच और अपने टीम के साथियों की मदद से मैं अपने कौशल को सुधारते हुए टीम की नियमित सदस्य बनने पर काम कर रही हूं।

# केएल राहुल पूर्णत: स्वस्थ, जिम्बाब्वे दौरे पर करेंगे टीम की कप्तानी



**मुंबई ।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज़ केएल राहुल ज़िम्बाब्वे दौरे पर टीम की कप्तानी करेंगे। बीसीसीआई ने यह घोषणा की।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ज़िम्बाब्वे दौरे के लिये टीम की घोषणा करते हुए कहा, बीसीसीआई चिकित्सीय टीम ने केएल राहुल की स्थिति का जायज़ा लिया है और उन्हें ज़िम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला के लिये स्वस्थ बताया है।

बोर्ड ने कहा, चयनकर्ता समिति ने उन्हें टीम का कप्तान चुना है और शिखर धवन को उपकप्तान की ज़िम्मेदारी दी है।

इसके अलावा वाशिंगटन सुंदर और दीपक चहर को भी पूर्णत: स्वस्थ होने के बाद टीम में शामिल किया गया है। इस दौरे पर टीम के वरिष्ठ खिलाडि़यों को आराम दिया गया है जो 28 अगस्त से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले एशिया कप के लिये तैयारी करेंगे।

तीन एकदिवसीय मैचों के लिए भारतीय टीम: केएल राहुल (कप्तान) शिखर धवन (उप-कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, अवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर।

## 3 महीने में ही दोगुना से ज्यादा हुआ पैसा, इस केमिकल शेयर ने दिया 140प्रतिशत रिटर्न

**नई दिल्ली ।** केमिकल इंडस्ट्री से जुड़ी एक कंपनी के शेयरों ने पिछले 3 महीने में छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। यह कंपनी श्री रायलसीमा हाई स्ट्रेंग्थ हाइपो लिमिटेड है। कंपनी के शेयरों ने पिछले 3 महीने में निवेशकों के पैसे को दोगुना से ज्यादा बढ़ा दिया है। श्री रायलसीमा हाई स्ट्रेंग्थ हाइपो के शेयरों ने इस पीरियड में लोगों को 140 पर्सेंट से अधिक रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर 12 अगस्त 2022 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 835 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। 370 रुपये से 835 रुपये पर पहुंचे कंपनी के शेयर श्री रायलसीमा हाई स्ट्रेंग्थ हाइपो लिमिटेड के शेयर 12 मई 2022 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 370.70 रुपये के स्तर पर थे। कंपनी के शेयर 12 अगस्त 2022 को बीएसई में 835 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। कंपनी के शेयरों ने इस पीरियड में लोगों को 140 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दिया है। अगर किसी व्यक्ति ने 3 महीने पहले कंपनी के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में यह पैसा 2.25 लाख रुपये होता।

## अदाणी समूह ओडिशा में एल्युमिनियम, लौह अयस्क क्षेत्र में करेगा 57,575 करोड़ रुपये का निवेश



**अहमदाबाद।** अरबपति गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले अदाणी उद्योग समूह ने ओडिशा में एल्युमिना रिफाइनरी और लौह अयस्क मूल्यवर्द्धन के क्षेत्र में दो परियोजनाएं स्थापित और इन पर राज्य में 57,575 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है।

ओडिशा सरकार ने अदाणी समूह को 40 लाख टन वार्षिक क्षमता की एल्यूमिना रिफाइनरी और तीन करोड़ टन वार्षिक क्षमता की लौह-अयस्क(मूल्यसंवर्धन) परियोजना को मंजूरी दे दी है।

अदाणी समूह ने कहा, भारत में अवसंरचना, बिजली और विविध क्षेत्रों में तेजी से वृद्धि कर रहा अदाणी समूह ओडिशा राज्य में 57,575 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में राज्य सरकार के उच्च स्तरीय स्वीकृति प्राधिकरण (एचएलसीए) ने अदाणी समूह की दो परियोजना प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है। इसमें एक 40 लाख टन वार्षिक क्षमता की एल्युमिना रिफाइनरी और तीन करोड़ टन क्षमता की लौह अयस्क मूल्य संवर्धन परियोजना का प्रस्ताव शामिल है।

समूह ने कहा है कि इन परियोजनों से 9,300 लोगों को प्रत्यक्ष और दसियों हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

एल्युमिना रिफाइनरी ओडिशा में बॉक्साइट खानों और संभावित भंडारों के नजदीक स्थापित करने का प्रस्ताव है जबकि लौह-अयस्क परियोजना क्योंझर और भदरक जिलों में फैली होगी।

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, ओडिशा हमारे लिए सबसे रणनीतिक महत्व के राज्यों में है और हम वहां निवेश करते आ रहे हैं और हम मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मिलने वाले समर्थन की सराहना करते हैं।

## डाबर के चेयरमैन अमित बर्मन ने दिया इस्तीफा, गैर-कार्यकारी निदेशक बने रहेंगे




**नई दिल्ली ।** डाबर के अमित बर्मन ने कंपनी के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा 10 अगस्त, 2022 से प्रभावी है। हालांकि, बर्मन गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में बने रहेंगे। अमित बर्मन ने 1999 में डाबर फूड्स के सीईओ के रूप में पदभार संभाला जब कंपनी ने प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के कारोबार में कदम रखा। जुलाई 2007 में जब कंपनी का डाबर इंडिया लिमिटेड में विलय हुआ तो उन्होंने इस भूमिका से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उन्हें डाबर इंडिया लिमिटेड का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इस बीच, डाबर ने कहा कि उसके बोर्ड ने मोहित बर्मन की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है, जो वर्तमान में गैर-कार्यकारी उपाध्यक्ष हैं। ये 11 अगस्त 2022 से 5 साल की अवधि के लिए कंपनी के निदेशक मंडल के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष हैं।

डाबर ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में घोषणा की,हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि निदेशक मंडल ने 11 अगस्त, 2022 को कंपनी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की स्थिति में निम्नलिखित परिवर्तनों को मंजूरी दे दी है। 1. कंपनी के निदेशक मंडल के अध्यक्ष पद से श्री अमित बर्मन के इस्तीफे की स्वीकृति, 10 अगस्त, 2022 के काम के घंटे के अंत से।

बता दें डाबर इंडिया लिमिटेड का नेट प्रॉफिट जून, 2022 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में मामूली बढक़र 441.06 करोड़ रुपये हो गया।

कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष (2021-22) की अप्रैल-जून तिमाही में 438.30 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। डाबर इंडिया ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि तिमाही के दौरान उसकी परिचालन आय 8.07 प्रतिशत बढक़र 2,822.43 करोड़ रुपये हो गई। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 2,611.54 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में डाबर इंडिया का कुल खर्च भी 10.81 प्रतिशत बढक़र 2,358.52 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 2,128.32 करोड़ रुपये रहा था।

## कोयला उत्पादन जुलाई में 11.37 प्रतिशत बढ़कर 6.04 करोड़ टन



**नई ल्ली।** कोयला उत्पादन जुलाई में 6.04 करोड़ टन पर पहुंच गया जो एक वर्ष पहले इसी माह के 5.42 करोड़ टन उत्पादन से 11.37 प्रतिशत अधिक है।

कोयला मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार जुलाई 2022 में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और कैप्टिव खदाओं का उत्पादन क्रमश: 11.12 प्रतिशत और 44.37 प्रतिशत बढक़र 4.73 करोड़ टन और 0.98 करोड़ टन रहा। हालांकि इस दौरान सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के उत्पादन में वार्षिक आधार पर 32.51 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी।

आलोच्य माह में देश की प्रमुख 37 कोयला खदानों में से 24 खदानों का उत्पादन लक्ष्य के 100 प्रतिशत से अधिक रहा जबकि अन्य सात में उत्पादन 80-100 प्रतिशत के बीच रहा।

आंकड़ों के मुताबिक जुलाई माह में कोयले का उठाव 8.51 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 6.78 करोड़ टन रहा जो एक वर्ष पूर्व इसी माह में 6.25 करोड़ टन था। इस दौरान सीआईएल ने 8.17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 5.45 करोड़ टन और कैप्टिव खदानों ने 40.78 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ करीब एक करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की।

बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए बिजली संयंत्रों को आलोच्य माह में 17.90 प्रतिशत अधिक 5.84 करोड़ टन कोयला भेजा गया। बिजली संयंत्रों को जुलाई 2021 में करीब पांच करोड़ टन कोयला भेजा गया था।

जुलाई 2022 में कोयला आधारित बिजली उत्पादन पिछले वर्ष के समान माह की तुलना में 4.76 प्रतिशत अधिक रहा। जबकि इस माह में कुल बिजली उत्पादन 4.29 प्रतिशत बढ़ा है।

## अनुभव सिन्हा की फिल्म मिडिल क्लास लव का ट्रेलर आया सामने




निर्देशक रत्ना सिन्हा की फिल्म मिडिल क्लास लव मध्यम वर्ग के युवाओं के सामने आने वाले मुद्दों को बहुत ही रोचक और हल्के तरीके से पेश करती है। इसका ट्रेलर जारी किया गया है। एक मध्यम वर्गीय परिवार में पैदा होना, जहां हमेशा खर्च करने से पहले दो बार सोचना सिखाया जाता है, एक कॉलेज के लडक़े को अपनी वर्तमान स्थिति से बाहर आने के तरीकों की तलाश करना, और वह ये सब कैसे करता है, यह सब मिडिल क्लास लव के बारे में है।

फिल्म का ट्रेलर आउट हो गया है और सभी नए चेहरों के साथ, निर्देशक ने इसे देखने लायक बनाने की पूरी कोशिश की है। इसमें प्रीत कमानी, काव्या थापर और ईशा सिंह हैं। ट्रेलर से पता चलता है कि पूरी फिल्म मसूरी में या इसके आसपास शूट की गई है।

दिलचस्प बात यह है कि वह कहते रहते हैं कि मध्यम वर्ग होना एक बीमारी है और वास्तव में उनके पास इसके लिए एक विशेष शब्द है, मिडिलक्लासियोसिस। बहुत ही मनोरंजक तरीके से, फिल्म मध्यम वर्गीय परिवारों, युवाओं और कैंपस जीवन के सामने आने वाले मुद्दों को छूती है।

इसके बारे में बात करते हुए, निर्देशक कहते हैं, मुझे अपनी पहली फिल्म पर दर्शकों से मिले प्यार के बाद, मुझे पता था कि मुझे कुछ अलग करने के लिए सोचना होगा। मैं अपनी दूसरी फिल्म को एक मध्यम वर्ग के माहौल में स्थापित करना चाहता था और आगे बढऩा चाहता था।

## सामने आई प्रभास की फिल्म आदिपुरुष की रिलीज डेट




साउथ सुपरस्टार प्रभास की अपकमिंग मूवी आदिपुरुष पर हर किसी की निगाह है। तान्हाजी फेम निर्देशक ओम राउत के डायरेक्शन में बन रही इस मूवी को लेकर बहुत क्रेज देखने के लिए मिल रहा है। सुपरस्टार प्रभास और कृति सेनॉन स्टारर इस मूवी को लेकर अब एक दिलचस्प सूचना सुनने के लिए मिली है। जिसके उपरांत आदिपुरूष के फैंस खुशी से झूमने वाले हैं। इस मूवी को मेकर्स आने वाले वर्ष 12 जनवरी 2023 तक ही सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज करने वाले है। बता दें कि निर्देशक ओम राउत की इस मूवी में प्रभास और कृति सेनॉन के अलावा सैफ अली खान भी लीड रोल में दिखाई देने वाले है। सुपरस्टार प्रभास जहां मूवी में प्रभु श्रीराम का किरदार अदा रहे हैं तो वहीं, अदाकारा कृति सेनॉन मां सीता का किरदार निभाती दिखाई देने वाली है।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आप खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तंदुरुस्त बनाए रखेगा। इस राशि के कुछ बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

***वृष-*** कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। हिम्मत न हारें और इच्छित फल पाने के लिए कड़ी मेहनत करें। इन नाकामियों को तरक्की का आधार बनाएं। मुश्किल घड़ी में रिश्तेदार भी काम आएंगे।

***मिथुन-*** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है। आपकी ख़ुशमिजाजी ही आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी। अगर आप छात्र हैं और विदेशों में जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं, तो घर की आर्थिक तंगी आज आपके माथे पर शिकन ला सकती है।

***कर्क-*** ख़ुद को ज़्यादा आशावादी बनने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिफऱ् आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और व्यवहार लचीला होगा, बल्कि डर, ईर्ष्या और नफरत जैसे नकारात्मक मनोभावों में भी कमी आएगी। दिन के दूसरे हिस्से में आर्थिक तौर पर फायदा होगा।

***सिंह-*** परिवार के इलाज से जुड़े खर्चों में इजाफे को नकारा नहीं जा सकता है। जो लोग लघु उद्योग करते हैं उन्हें आज के दिन अपने किसी करीबी की कोई सलाह मिल सकती है जिससे आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

***कन्या-*** अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। कुछ जरूरी योजनाएं क्रियान्वित होंगी और ताजा आर्थिक मुनाफा पहुंचाएंगी।

***तुला-*** अपनी ऊर्जा को व्यक्तित्व विकास के काम में लगाएं, जिससे आप और भी बेहतर बन सकें। विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा।

***वृश्चिक-*** कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों का दबाव और घर में अनबन के चलते आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है, जो काम में आपकी एकाग्रता को भंग करेगा। घर की छोटी-छोटी चीजों पर आपका बहुत धन खराब हो सकता है।

***धनु-*** आपका प्रबल आत्मविश्वास और आज के दिन का आसान कामकाज मिलकर आपको आराम के लिए काफी वक्त देंगे। निवेश करना कई बार आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होता है।

***मकर-*** ख़ुद को सुकून में और जिंदगी का लुत्फ उठाने के लिए सही मनोदशा में पाएंगे। दीर्घावधि मुनाफे के नजरिए से स्टॉक और म्यूचुअल फंड में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। माता-पिता की तबीयत में सुधार होगा

***कुम्भ-*** बच्चों के साथ खेलना बहुत अच्छा और सुकून देने वाला अनुभव रहेगा। आपके मन में जल्दी पैसे कमाने की तीव्र इच्छा पैसा होगी। बढिय़ा दिन है जब आप सबके ध्यान को अपनी तरफ़ खींचेंगे। आपके सामने चुनने के लिए कई चीजे होंगी ।

***मीन-*** आपको काफी समय से चल रही बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। आज कोई लेनदार आपके दरवाजे पर आ सकता है और आपसे पैसे उधार मांग सकता है। उन्हें पैसे लौटाकर आप आर्थिक तंगी में आ सकते हैं।

## गरमा-गरम 'नूडल्स के पकौड़े'



नूडल्स वैसे तो अपने आप में ही बहुत टेस्टी होता है जिसे बच्चों से लेकर बड़े तक पसंद करते हैं लेकिन इससे आप जायकेदार पकौड़े भी तैयार कर सकते हैं, आइए जानते हैं कैसे?

### सामग्री :

1 छोटा पैकेज रेडी टू कुक नूडल्स, 100 ग्राम बेसन, 40 ग्राम चावल का आटा, 10 ग्राम हरी मिर्च बारीक कटी, 10 ग्राम अदरक-लहसुन का पेस्ट, 5 ग्राम गरम मसाला, स्वादानुसार नमक और चाट मसाला, 20 ग्राम पत्तागोभी और पीली या लाल शिमला मिर्च बारीक कटी, थोड़ा सा हरा धनिया बारीक कटा और तलने के लिए तेल


### विधि :

- नूडल्स को टेस्ट मेकर के साथ उबाल लें। आंच से उतारकर ठंडा होने के लिए रख दें।
- ठंडा हो जाने पर इसमें चावल का आटा और बेसन मिक्स करें। आवश्यकतानुसार पानी और अदरक-लहसुन का पेस्ट व नमक मिक्स करें।
- कड़ाही में तेल गरम करें। इसमें तैयार मिश्रण से पकौड़े तैयार करें और पेपर नैपकिन में निकाल लें।
- पत्तागोभी, शिमला मिर्च, हरा धनिया मिक्स करें। ऊपर से चाट मसाला बुरक करें परोसें।

## शब्द सामर्थ्य- 162

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 161 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

## सू-दोकू- 162

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 161 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |